आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 09.01.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में सरकार की विभिन्न डिजिटल परियोजनाओं का शुभारंभ किया। कहा– डिजिटल सिस्टम को बेहतर बनाने की दिशा में ये प्रयास मील का पत्थर साबित होगा।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों को लेकर देवभूमि उत्तराखंड पूरी तरह से तैयार, मुख्यमंत्री ने सभी से खेलों का हिस्सा बनने का आह्वान किया।
- मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राज्य में ईकोलॉजी और ईकोनॉमी के संतुलन के लिए निर्धारित फ्रेमवर्क पर कार्य करने के निर्देश दिए।
- सरकार ने कहा– हरिद्वार के राजकीय मेडिकल कॉलेज को पीपीपी मोड पर दिए जाने से अध्ययनरत छात्रों की फीस नहीं बढ़ेगी।

डिजिटल परियोजनाएं

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में सरकार की विभिन्न डिजिटल परियोजनाओं का शुभारंभ किया। आईटीडीए और एनआईसी ने मिलकर सार्वजनिक सेवाओं को अधिक दक्ष, तीव्र और समावेशी बनाने के लिए विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफार्म विकसित किए हैं। इससे आमजन को एक ही स्थान पर विविध प्रकार की सेवाएं प्राप्त हो सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के डिजिटल सिस्टम को सशक्त और बेहतर बनाने की दिशा में सरकार का ये कदम सराहनीय है।

38वें राष्ट्रीय खेल

38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों को लेकर देवभूमि उत्तराखंड पूरी तरह से तैयार है। सरकार खेलों की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा कि राष्ट्रीय खेलों का आयोजन प्रदेशवासियों के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने सभी से राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के लिए इस महायज्ञ का हिस्सा बनने का आह्वान किया।

सीएम राष्ट्रीय जूनियर कबड्डी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में 50वीं राष्ट्रीय जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने प्रदेश में नई खेल नीति लागू करने के साथ ही खिलाड़ियों के हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

श्री धामी ने यह भी कहा कि प्रदेश में खेलों के आयोजन से राज्य की पर्यटन गतिविधियों को भी विस्तार मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में पर्यटन की संभावनाएं बढ़ने से रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

राष्ट्रीय खेल

38वें राष्ट्रीय खेलों के प्रचार के लिए छात्र–छात्राओं को इससे जोड़ने के लिए पहल की जा रही है। विशेष प्रमुख खेल सचिव और राष्ट्रीय खेल सचिवालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित सिन्हा के अनुसार आगामी 12 जनवरी युवा दिवस के मौके पर इसके प्रचार के लिए आठ वाहनों को स्कूल–कॉलेजों के लिए रवाना किया जाएगा। उन्होंने बताया कि छात्र इस प्रचार रथ के माध्यम से खेल मुकाबले के लिए अपनी सीट बुक कर सकेंगे। श्री सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय खेल देखने के लिए निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था है।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अधिकारियों को राज्य में पारिस्थितिकी और आर्थिकी के संतुलन के लिए निर्धारित ''नौ सूत्र प्रगति प्रकृति संतुलन मिशन'' की रूपरेखा पर गम्भीरता से कार्य करने के निर्देश दिये। देहरादून में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव ने राज्य के पर्यावरण व आर्थिकी के संतुलन की परिकल्पना को साकार करने के लिए देश–विदेश में अपनाई जा रही सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन कर परिस्थितियों के अनुसार उनका क्रियान्वयन करने पर बल दिया। उन्होंने विशेषकर कृषि, पर्यटन, विनिर्माण, ऊर्जा और अवस्थापना के क्षेत्र में किये जा रहे सर्वोत्तम कार्यों का अध्ययन करने के निर्देश दिये। उन्होंने नियोजित अवस्थापना के विकास पर विशेष बल देते हुए बदलती जलवायु के अनुकूल खेती के अन्तर्गत जैविक खेती, मृदा संरक्षण तथा कुशल सिंचाई प्रबंधन से सम्बन्धित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने को कहा। उन्होंने इको–सर्टिफिकेशन, अपशिष्ट प्रबंधन और इको–टूरिज्म नीतियों को क्रियान्वित करने के निर्देश दिये। श्रीमती रतूड़ी ने औद्योगिक क्षेत्र में हरित तकनीक का प्रयोग कर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और स्थायित्व स्थापित करने को कहा।

फीस

हरिद्वार स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज के संचालन को पीपीपी मोड पर दिए जाने से अध्ययनरत छात्रों की फीस नहीं बढ़ेगी। चिकित्सा शिक्षा के निदेशक डॉ आशुतोष सयाना ने बताया कि छात्रों को अन्य सभी सुविधाएं भी सरकारी मेडिकल कॉलेज के समान ही मिलती रहेंगी। डॉ आशुतोष ने बताया कि इस सत्र से हरिद्वार राजकीय मेडिकल कॉलेज में 100 एमबीबीएस सीटों की मंजूरी मिली है। मेडिकल कॉलेज के बेहतर संचालन और मरीजों को अच्छी सुविधाएं देने के लिए कॉलेज को पीपीपी मोड पर दिए जाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही भर्ती होने वाले मरीजों को उनके कार्ड के अनुसार आयुष्मान कार्ड या सीजीएचएस की दरों पर ही उपचार दिया जाएगा।

महाकुंभ

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर गंगा और यमुना नदी में बड़ी संख्या में जल पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। इन जवानों को अंडरवाटर ड्रोन और सोनार सिस्टम जैसे आधुनिक उपकरणों से भी लैस किया गया है। जल पुलिस संगम के चप्पे–चप्पे पर नजर रख रही है। पेश है एक रिपोर्ट...

संक्षिप्त समाचार——

उत्तराखंड नशा मुक्त अभियान के तहत अल्मोड़ा जिले में साढ़े तीन लाख रूपये से अधिक कीमत की स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया।

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से जीर्णशीर्ण पुलों की मरम्मत कराने के लिए सरकार के साथ बैठक कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं।

एक नजर समाचार पत्रों की सुर्खियों पर———

एक देश– एक चुनाव पर नई दिल्ली में आयोजित बैठक को दैनिक जागरण ने प्रमुखता से पहले पृष्ठ पर स्थान देते हुए विपक्ष के हवाले से लिखा– ''एक देश– एक चुनाव'' विधेयक असंवैधानिक, सत्ता पक्ष बोला– देशहित में।

देहरादून के डोईवाला में दंपती की मृत्यु पर अमर उजाला ने लिखा है कि जंगल गए बुजुर्ग दंपती को हाथी ने मार डाला। इस खबर पर नवोदय टाइम्स ने लिखा है कि जौलीग्रांट में हाथी का दंपती पर हमला, मौत।

आंगनबाड़ी कार्मिकों को पेंशन दिए जाने की खबर को राज्य के सभी स्थानीय समाचार पत्रों ने प्राथमिकता दी है। राष्ट्रीय सहारा लिखता है– आंगनवाडी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को मिलेगी पेंशन।

आंध्र प्रदेश में हुई भगदड़ की खबर पर हिन्दुस्तान ने लिखा है– तिरुपति मंदिर में भगदड़, तीन महिलाओं सहित छह की मौत।

प्रदेश में समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन पर हिन्दुस्तान लिखता है– उत्तराखंड में 26 जनवरी से लागू हो सकता है यूसीसी।